बिहार सरकार
वित्त (अंकेक्षण) विभाग
बिहार, पटना

अंकेक्षण प्रतिवेदन संख्या :— 33/15—16

(1) परिचयात्मक

(क) अंकेक्षित लेखा का नाम :— प्रखंड विकास कार्यालय, नाथनगर, भागलपुर के अंतर्गत विभिन्न पंचायतों को अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा वर्ग, एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रवृति योजना के मद मे उपआवंटित राशि का अंकेक्षण।

(ख) अंकेक्षण का लेखावधि :— वर्ष — 2010—11 से 11—12 तक

(ग) प्रशासी विभाग का नाम :— ग्रामीण विकास विभाग / अनुसूचित जाति/जनजाति, कल्याण विभाग, बिहार, पटना।

(घ) अंकेक्षित अवधि के नियंत्री पदाधिकारी का नाम, पदनाम एवं कार्यकाल :—
जिला कल्याण पदाधिकारी, भागलपुर।
(i) श्री रामलाला सिंह, दि0 01.04.2010 से 2.07.11 तक
(ii) श्री ईश्वर चन्द्र शर्मा, दि0 02.7.11 से 25.08.11 तक
(iii) श्री ललन कुमार सिंह, दि0 25.08.11 से 31.3.12 तक

(ङ) अंकेक्षित अवधि के लेखा प्रभारी पदा0 एवं कर्म0 का नाम पदनाम एवं कार्यकाल
प्रखंड विकास पदाधिकारी, नाथनगर।
(i) श्री कुन्दन कुमार, दि० 01.04.2010 से 04.04.10 तक
(ii) श्री अजय कुमार, दि० 04.04.10 से 31.03.12 तक
अंकेक्षण प्रतिवेदन के परिशिष्ट "क" पर मुखिया एवं पंचायत सचिव की सूची संलग्न है।

(च) अंकेक्षण में सहयोग देनेवाले पदाधिकारी / कर्मचारी का नाम एवं पदनाम :—
पंचायत सचिव

| क्र0 सं0 | ग्राम पंचायत का नाम | पंचायत सचिव का नाम |
|---|---|---|
| 1. | गौराचौकी | — श्री वेद प्रकाश सिंह |
| 2. | गोसाई दासपुर | — श्री गोपाल प्रसाद यादव |
| 3. | राधोपुर | — श्री गोपाल प्रसाद यादव |
| 4. | भुवालपुर | — श्री गोपाल प्रसाद यादव |
| 5. | रत्तीपुर बैरिया | — श्री गोपाल प्रसाद यादव |
| 6. | बेलसौरिया | — श्री वासुदेव दास |
| 7. | निस्फअम्ले | — श्री वासुदेव दास |
| 8. | शंकरपुर | —श्री वेदप्रकाश सिंह |
| 9. | रन्नुचक मकन्दपुर | — श्री वेदप्रकाश सिंह |
| 10. | रामपुर खुर्द | — मो0 अब्दुल रसीद अंसारी |

(छ) अंकेक्षकों का नाम :— (1) श्री मनोज कुमार प्रसाद, व0अं0—02
(2) श्री अशोक कुमार, व0अं0—2

(ज) अंकेक्षण प्रारम्भण तिथि :— 23.01.2015

(झ) अंकेक्षण समाप्ति तिथि :— 15.07.2015

(ञ) अंकेक्षण में व्यतीत कार्य दिवस :– 10 दिन समेकित रूप से।

(ट) अंकेक्षण में प्रस्तुत एवं अप्रस्तुत अभिलेखों की सूचीः– – अंकेक्षण प्रतिवेदन के परिशिष्ट (ख) पर अंकित है।

(2) अंकेक्षण का क्षेत्र :–

(i) अंकेक्षण का प्रकार :– सामान्य।

(ii) वित्त (अंकेक्षण) विभाग का आदेश संख्या एवं तिथि :– विभागीय ज्ञापांक 3286 दिनांक 15.09.1960 में निहित निदेशानुसार इस लेखा का सामान्य अंकेक्षण उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर सम्पन्न किया गया।

(iii) कार्यालय का कार्यक्षेत्र :– प्रखंड कार्यालय, नाथनगर के अंतर्गत 14 (चौदह) पंचायत था जिसे छात्रवृति मद में अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा वर्ग के प्राथमिक / मध्य विद्यालय (वर्ग – 1 से वर्ग 6 तक) में अध्यनरत छात्र/छात्राओं को छात्रवृति भुगतान हेतु प्रखंड कार्यालय द्वारा चेक से राशि उपआवंटित की गयी थी जिसका भुगतान पंचायत स्तर से किया जाना था।

(iv) वित्तीय स्त्रोत :– अंकेक्षाणवधि में शीर्ष 2225 के अंतर्गत जिला कल्याण पदाधिकारी, भागलपुर के द्वारा प्रखंड विकास कार्यालय को राशि उप आवंटित किया गया था एवं प्रखंड विकास कार्यालय द्वारा पंचायतों को चेक के माध्यम से छात्रवृति मद की राशि दी गयी थी।

(v) कोषागार अभिलेख से सत्यापन की स्थिति :– प्रखंड कार्यालय के द्वारा शीर्ष 2225 के अंतर्गत अंकेक्षणावधि में निकासी एवं जमा का सत्यापन राशि का सत्यापन जिला कोषागार भागलपुर के अभिलेख से शत् – प्रतिशत किया गया एवं सही पाया गया। पंचायत कार्यालयों द्वारा कोषागार में राशि जमा एवं निकासी नहीं की गयी थी। अतः कोषागार सत्यापन का प्रश्न नहीं था।

(vi) महालेखाकार के पूर्व निरीक्षण प्रतिवेदन का अनुपालन की स्थितिः– महालेखाकार के पूर्व निरीक्षण प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण अनुपालन की समीक्षा नहीं की जा सकी।

(vii) वित्त (अंकेक्षण) विभाग के पूर्व अंकेक्षण प्रतिवेदन का अनुपालन की स्थितिः– वित्त (अंकेक्षण) विभाग के पूर्व अंकेक्षण प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराने के कारण अनुपालन की समीक्षा नहीं की जा सकी।

(3) वित्तीय समीक्षा :– प्रखंड विकास कार्यालय, नाथनगर द्वारा अपने अंतर्गत कुल 14 पंचायतयों को अंकेक्षित अवधि में छात्रवृति मद (अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा वर्ग जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति) में राशि चेक से आवंटित की गयी थी परन्तु अंकेक्षण में 10 (दस) पंचायतों द्वारा लेखाभिलेख प्रस्तुत किया गया जिसके आधार पर तैयार की गयी आय–व्यय विवरणी इस प्रतिवेदन के परिशिष्ट "ग" पर संलग्न है जिसके से स्पष्ट होगा कि

(i) प्रखंड कार्यालय द्वारा वर्ष 2010–11 के वित्तीय वर्ष के अंत में पंचायतों को छात्रवृति मद की राशि दी गयी थी। फलस्वरूप पंचायतों द्वारा वित्तीय वर्ष 2011–12 में अपना प्राप्ति दर्शाकर आय में लिया गया जिसके कारण परिशिष्ट में वर्ष 2011–12 की आय में वर्ष 2010–11 की आय भी सम्मिलित है।

(ii) चार (4) पंचायतों – नुरपूर, भतौड़िया, विसमरामपुर, तथा कजरैली द्वारा – रोकड़पंजी, बैंक पासबुक तथा छात्रवृति भुगतान पंजी (अभिश्रव सहित) अंकेक्षण में उपलब्ध नहीं कराया

गया फलस्वरूप उनसे संबंधित आय–व्यय विवरणी को प्रतिवेदन के परिशिष्ट ''ग'' पर संलग्न आय–व्यय विवरणी में सन्निहित नहीं किया गया है।

(iii) आय–व्यय विवरणी में विभिन्न पंचायतों के दिनांक 31.3.12 के संवरण शेष को दशर्या गया है जिसे जमा करने हेतु आगे को कंडिका संख्या 10 में जमा करने का सुझाव दिया गया है।

(4) रोकड़ पंजी में संवरण शेष में नगद राशि के भौतिक सत्यापन की स्थिति :–

किसी भी पंचायत के द्वारा छात्रवृति मद से संबंधित रोकड़ पुस्त अद्यतन संधारित नही किये जाने के कारण विभागीय ज्ञापांक 503 दिनांक – 29.01.76 के निदेशानुसार भौतिक सत्यापन नहीं कराया जा सका। इस ओर प्रशासी विभाग का ध्यान आकृष्ट किया जाता है।

(5) रोकड़ पुस्त में संवरण शेष की स्थिति :–

ग्राम पंचायतों के द्वारा उपलब्ध कराये गये छात्रवृति मद के रोकड़ पुस्त में दिनांक – 01.04.10 प्रारंभण शेष दिनांक – 31.03.11 तथा 31.3.12 का संवरण शेष का पंचायत वार विवरण निम्न हैः–

| क्र० सं० | पंचायत का नाम | 01.04.10 का प्रारंभण शेष | 31.03.11 का संवरण शेष | 31.03.12 का संवरण शेष | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | गौरा चौकी | 0.00 | 0.00 | 26,100.00 | |
| 2 | गोसाई दास पुर | 0.00 | 3,100.00 | 21,640.00 | |
| 3 | राधोपुर | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |
| 4 | भुवालपुर | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |
| 5 | बेल खोरिया | 0.00 | 0.00 | 29,400.00 | |
| 6 | रतीपुर बौरिया | 0.00 | 0.00 | 6,000.00 | |
| 7 | निरफअम्बे | 0.00 | 0.00 | 26,640.00 | |
| 8 | रन्नुचक मकन्दुपुर | 0.00 | 0.00 | 75,480.00 | |
| 9 | शंकरपुर | 0.00 | 0.00 | 34,200.00 | |
| 10 | रामपुर खुर्द | 0.00 | 0.00 | 22,320.00 | |

संवरण शेष राशि की स्थिति का विवरण परिशिष्ट ''ग'' के स्तम्भ ''9'' में दृष्टव्य है।

(4) अंकेक्षित कार्यालय के स्वीकृत / कार्यरत / रिक्त पदों का विवरण :–

प्रखंड कार्यालय नाथनगर में ग्राम पंचायतों के लिए पंचायत सचिव 14 (चौदह) पद स्वीकृत है जिसके विरूद्ध अंकेक्षित अवधि 10 (दस) पंचायत सचिव कार्यरत तथा 4 (चार) पद रिक्त रहा।

## भाग – 2

5. पंचायतों द्वारा अभिलेख उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण छात्रवृत्ति मद में निर्गत कुल राशि रू0 668220.00 से संबंधित आय–व्यय एवं संवरण शेष की जाँच एवं सत्यापन नहीं आपत्ति अंतर्गत :–

वर्ष 2010–11 एवं 11–12 में प्रखंड कार्यालय द्वारा निर्गत छात्रवृत्ति मद के राशि के जाँच एवं सत्यापन में पाया गया कि प्रखंड कार्यालय द्वारा अपने अंतर्गत स्थित 14 (चौदह) पंचायतों को छात्रवृत्ति मद की राशि चेक से निर्गत की गयी थी। जिसकी जाँच एवं सत्यापन हेतु अभियाचना के बाबजूद भी चार पंचायतों नुरपूर, भतौड़िया, विसनरामपुर तथा कजरैली द्वारा किसी भी प्रकार का अभिलेख यथा रोकड़ पुस्त बैंक पासबुक, छात्रवृति भुगतान पंजी अभिश्रव आदि अंकेक्षण में उपस्थापित नहीं कराया गया। फलस्वरूप उपर्युक्त चार पंचायतों को छात्रवृत्ति मद में कुल रू0 668220.00 के पंचायत स्तर पर प्राप्ति व्यय एवं संवरण शेष की वास्तविकता की जानकारी अंकेक्षण को नहीं हो सकी। छात्रवृत्ति मद में निर्गत कुल रू0 668220.00 का विवरण निम्न हैं :–

| | | वर्ष 2010–11 | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र० सं० | पंचायत का नाम | अनु0 जाति | पिछड़ी जाति | कुल राशि |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | नुरपुर | 0.00 | 32,220.00 | 32,220.00 |
| 2 | भतौड़िया | 0.00 | 21,420.00 | 21,420.00 |
| 3 | विसनरामपुर | 0.00 | 24,120.00 | 24,120.00 |
| 4 | कजरैली | 0.00 | 6,300.00 | 6,300.00 |
| | | कुल :– | 84,060.00 | 84,060.00 |

| | | वर्ष 2011–12 | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र० सं० | पंचायत का नाम | अनु0 जाति | पिछड़ी जाति | कुल राशि |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | नुरपुर | 1,63,800.00 | 29,700.00 | 1,93,500.00 |
| 2 | भतौड़िया | 71,400.00 | 21,420.00 | 92,820.00 |
| 3 | विसनरामपुर | 1,36,800.00 | 22,140.00 | 1,58,940.00 |
| 4 | कजरैली | 1,32,600.00 | 6,300.00 | 1,38,900.00 |
| | कुल :– | 5,04,600.00 | 79,560.00 | 5,84,160.00 |

उपर्युक्त विवरणी से स्पष्ट होगा कि प्रखंड कार्यालय द्वारा उपर्युक्त चार पंचायतों को छात्रवृति मद अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा जाति के छात्र/ छात्राओं के छात्रवृति भुगतान हेतु वर्ष 2010–11 में रू0 84060.00 तथा वर्ष 2011–12 में रू0 584160.00 कुल रू0 668220.00 की राशि निर्गत की गयी थी। जिसका जाँच एवं सत्यापन पंचायत के अभिलेखों के अभाव में नहीं हो सका।

अतः प्रशासी विभाग के उच्चाधिकारियों का ध्यान उपर्युक्त छात्रवृति मद की राशि रू0 668220.00 से संबंधित उपर्युक्त पंचायत के अभिलेख रोकड़ पुस्त बैंक पासबुक तथा छात्रवृति भुगतान पंजी (अभिश्रव) की जाँच अपने स्तर से करने हेतु विशेष रूप आकृष्ट किया जाता है। जाँचोपरान्त फलाफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग, बिहार, पटना को अवगत कराया जाए। तब तक छात्रवृति मद में निर्गत राशि रू0 668220.00 को आपत्तिन्तर्गत रखा जाता है। जाँच में अनियमितता पाये जाने पर तदानुसार कार्रवाई अपेक्षित होगी।

(6) छात्रवृति मद से संबंधित रू0 24660.00 का अभिश्रव अप्रस्तुत राशि आपत्ति अंतर्गत :–

ग्राम पंचायत निस्फअम्बें के छात्रवृति मद से संबंधित लेखाभिलखों की जाँच एवं सत्यापन में पाया गया कि प्रखंड कार्यालय, नाथनगर द्वारा पिछड़ी जाति के छात्रों / छात्राओं को छात्रवृति भुगतान करने हेतु निस्फअम्बे पंचायत को चेक संख्या 7119 दिनांक – 10.01.12 द्वारा रू0 24660.00 उप आवंटित किया गया था। पंचायत के छात्रवृति मद रोकड़ पंजी में दिनांक – 16.01.12 को रू0 24660.00 आय पक्ष में प्रविष्टि कर बैंक ऑफ इंडिया, नाथनगर खाता सं0 – 9536 में जमा दर्शाया गया। पंचायत निस्फअम्बें के पिछड़ी जाति छात्रों के छात्रवृति भुगतान करने हेतु बैंक ऑफ इंडिया, नाथनगर खाता सं0 – 9536 से दिनांक 25.02.12 को रू0 24660.00 का निकासी कर छात्रवृति मद के रोकड़ पंजी में दिनांक 25.02.12 को ही व्यय दर्शाया गया था। परन्तु अंकेक्षण में पिछड़ी जाति के छात्रवृति भुगतान रू0 24660.00 का अभिश्रव प्रस्तुत नहीं किया गया। जिससे उसकी जाँच एवं सत्यापन नहीं हो सका। इस संबंध में निर्गत आपत्ति के अनुपालन में बतलाया गया कि अभिश्रव अगले अंकेक्षण में उपलब्ध करा दिया जायेगा।

अतः प्रशासी विभाग द्वारा पिछड़ी जाति छात्रवृति से संबंधित रूपया 24660.00 को अभिश्रवों की जाँच कर आवश्यक कार्रवाई किया जाय तथा प्रतिफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग, बिहार, पटना को सूचित किया जाए। तब तक छात्रवृति मद में व्यय दर्शायी गयी रू0 24660.00 को आपत्तिन्तर्गत रखा जाता है अन्यथा उक्त दर्शायी गयी छात्रवृति व्यय को बिना छात्रवृति भुगतान का व्यय मानकर राशि का गबन मानते हुए तदनुसार कार्रवाई की जा सकती है।

7. छात्रवृति मद से संबंधित रू0 21960.00 का अभिश्रव अप्रस्तुत राशि आपत्ति अंतर्गत :–

ग्राम पंचायत– बेलखोरिया के छात्रवृति मद से संबंधित लेखाभिलेखों की जाँच सत्यापन संगत अभिलेखों से करने में पाया गया कि प्रखंड कार्यालय, नाथनगर द्वारा पिछड़ी जाति के छात्रों / छात्राओं छात्रवृति भुगतान करने हेतु बेलखोरिया पंचायत को चेक सं0 414151 दिनांक – 24.03.11 द्वारा रू0 21960.00 उप आवंटित किया गया था। पंचायत छात्रवृति मद के रोकड़ पंजी में दिनांक 05.05.11 को रू0 21960.00 को आय पक्ष में प्रविष्टी कर बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक नाथनगर के खाता सं0 – 5102 में जमा दर्शाया गया। पंचायत बेलखोरिया के पिछड़ी जाति के छात्रों को छात्रवृति भुगतान हेतु बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक नाथनगर के खाता सं0 – 5102 से दिनांक – 13.06.11 को रू0 21960.00 निकासी कर छात्रवृति मद के रोकड़ पंजी में उसी दिन दिनांक – 13.06.11 को व्यय दर्शाया गया था। परन्तु अंकेक्षण में पिछड़ी जाति के छात्रवृति भुगतान का उक्त अभिश्रव रू0 21960.00 प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे उसकी जाँच एवं सत्यापन नहीं किया जा सका। इस संबंध में निर्गत आपत्ति के अनुपालन में बतलाया गया कि अभिलेख उपलब्ध कराने हेतु संबंधित पंचायत सचिव को पत्र निर्गत किया जा रहा है। अगले अंकेक्षण में उपलब्ध करा दिया जायेगा।

अतः प्रशासी विभाग द्वारा पिछड़ी जाति छात्रवृति से संबंधित रू0 21960.00 को अभिश्रवों की जाँच कर आवश्यक कार्रवाई किया जाय तथा प्रतिफल से वित्त (अंकेक्षण)

विभाग, बिहार, पटना को अवगत कराया जाय। तब तक छात्रवृति मद में व्यय दर्शायी गयी रू0 21960.00 को आपत्तिअंतर्गत रखा जाता है। अन्यथा उक्त दर्शायी गयी छात्रवृति व्यय को बिना छात्रवृति भुगतान का व्यय मानकर राशि गबन के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की जा सकेगी।

8. छात्रवृति मद की राशि रू0 241780.00 अव्यवहृत पड़ा रहना आपत्ति जनक :–

विभिन्न ग्राम पंचायतों के छात्रवृति मद से संबंधित रोकड़ पंजी, बैंक पासबुक आदि की जाँच एवं सत्यापन में पाया गया कि दिनांक 31.03.12 को छात्रवृति मद में अवशेष राशि पड़ी हुई थी जो अंकेक्षण तिथि तक अव्यवहृत पड़ी हुई थी। विवरण निम्न है :–

| क्र0 सं0 | पंचायत का नाम | 31.03.11 का अवशेष राशि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | गौरा चौकी | 26,100.00 |
| 2 | गोसाई दास पुर | 21,640.00 |
| 3 | रतीपुर बौरिया | 6,000.00 |
| 4 | बेल खोरिया | 29,400.00 |
| 5 | निरफअम्बे | 26,640.00 |
| 6 | रन्नुचक मकन्दुपुर | 75,480.00 |
| 7 | शंकरपुर | 34,200.00 |
| 8 | रामपुर खुर्द | 22,320.00 |
| | कुल रू0 | 2,41,780.00 |

बिहार कोषागार संहिता भाग–1 के नियम 300 तथा वित्त विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक – 8563 दिनांक– 31.12.01 के अनुसार अव्यवहृत राशि को नगद अथवा बैंक में रखना अनियमित एवं वर्जित हे। प्रखंड कार्यालय द्वारा पंचयायतों को छात्रवृति मद के उप आवंटन पत्रों में पंचायतों को निदेश था कि अवशेष राशि (जो भुगतान योग्य नहीं है) अविलम्ब जमा कर देना है। परन्तु पंचायतों द्वारा अवशेष राशि अपने पास अव्यहृत रखी गयी जो अंकेक्षण तिथि तक पड़ी हुई थी। जिससे सरकार के विकास कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। इस संबंध में निर्गत आपत्ति में अनुपालन में उल्लेख किया गया कि पंचायत से राशि वापस प्राप्त कर सरकारी कोष में जमा करा दी जायेगी।

अतः प्रशासी विभाग का ध्यान आकृष्ट किया जाता है कि छात्रवृति मद में पंचायतों के पास अव्यवहृत पड़ी राशि रू0 241780.00 को सरकारी कोष में जमा कराया जाय तथा इसकी सूचना वित्त (अंकेक्षण) विभाग, बिहार, पटना को दिया जाए।

[signature] 1/03/16

उप लेखा नियंत्रक
वित्त (अंकेक्षण) विभाग, बिहार, पटना।

मिलान एवं शुद्धि कर्त्ता का ह0
मो0 ओबैदुल्लाह जावेद, व0 अं0–2

परिशिष्ट " क "

कंडिका 1 ड़ से संबंधित

ग्राम पंचायतों के अंकेक्षित अवधि के लेखा प्रभारी पदाधिकारी मुखिया एवं कर्मचारियों का नाम पदनाम एवं कार्यकाल को विवरणी :-

1. ग्राम पंचायत – गौराचौकी

(i) मुखिया

(क) श्रीमती वीणा देवी, दिनांक – 01.04.2010 से 16.06.11 तक

(ख) श्रीमती पिंकी देवी, दिनांक – 17.06.11 से अद्यतन।

(ii) पंचायत सचिव

(क) श्री संजीव कुमार, दिनांक – 01.04.2010 से 27.08.10 तक

(ख) श्री प्रदीप कुमार, दिनांक – 24.08.10 से 10.12.10 तक

(ग) श्री संजीव कुमार, दिनांक – 10.12.2010 से 04.09.11 तक

(घ) श्री वासुदेव पंडित, दिनांक – 05.09.11 से 31.03.12 तक।

2. ग्राम पंचायत – गोसाई दास पुर

(i) मुखिया

(क) श्रीमती आरती प्रिया, दिनांक – 01.04.2010 से 12.06.11 तक

(ख) श्रीमती पिंकी देवी, दिनांक – 13.06.11 से अद्यतन।

(ii) पंचायत सचिव

(क) श्री संजीव कुमार, दिनांक – 01.04.2010 से 19.02.12 तक

(ख) श्री गोपाल प्रसाद यादव, दिनांक – 20.02.10 से अद्यतन।

3. ग्राम पंचायत – राधोपुर

(i) मुखिया

(क) श्री मदनमोहन प्रसाद, दिनांक – 01.04.2010 से 11.06.11 तक

(ख) श्री राजेन्द्र प्रसाद मंडल, दिनांक – 12.06.11 से अद्यतन।

(ii) पंचायत सचिव

(क) श्री अनुपलाल हरिजन, दिनांक – 01.04.2010 से 31.03.12 तक।

4. ग्राम पंचायत – भुवालपुर

(i) मुखिया

(क) श्री महेन्द्र मंडल, दिनांक – 01.04.2010 से 13.06.11 तक

(ख) श्री राजेन्द्र प्रसाद मंडल, दिनांक – 14.06.11 से अद्यतन।

(ii) पंचायत सचिव

(क) श्री गणेश मंडल, दिनांक – 01.04.2010 से 24.01.12 तक

(ख) श्री गोपाल प्रसाद यादव, दिनांक – 25.01.12 से अद्यतन।

5. ग्राम पंचायत – रतीपुर बैरिया

(i) मुखिया

(क) श्रीमती सुचिता देवी, दिनांक – 01.04.2010 से अद्यतन।

(ii) पंचायत सचिव

(क) श्री संजीव कुमार, दिनांक – 01.04.2010 से 15.12.11 तक

(ख) श्री शैलेन्द्र कुमार यादव, दिनांक – 16.12.11 से 31.03.12 तक

6. ग्राम पंचायत – बेलखोरिया

(i) मुखिया

(क) श्री विजय दास, दिनांक – 01.04.2010 से 16.06.11 तक

(ख) श्री गणेश रजक, दिनांक – 17.06.11 से अद्यतन।

(ii) पंचायत सचिव

(क) श्री प्रदीप कुमार यादव, दिनांक – 01.04.2010 से 27.01.12 तक

(ख) श्री वासुदेव दास , दिनांक – 28.01.12 से अद्यतन।

7. ग्राम पंचायत – निस्फअम्बे

(i) मुखिया

(क) श्रीमती भागरथी देवी, दिनांक – 01.04.2010 से 15.06.11 तक

(ख) श्रीमती दिपा देवी, दिनांक – 16.06.11 से अद्यतन।

(ii) पंचायत सचिव

(क) श्री कृष्ण कन्हैयाराणा, दिनांक – 01.04.2010 से 31.01.12 तक

(ख) श्री वासुदेव पंडित, दिनांक – 01.02.12 से 28.02.12 तक।

(ग) श्री तेजनारायण सिंह, दिनांक – 01.03.12 से 31.03.12 तक

8. ग्राम पंचायत – रन्नुचक मकन्दपुर

(i) मुखिया

(क) श्री सच्चिदानन्द राय, दिनांक – 01.04.2010 से 11.06.11 तक

(ख) श्री कृष्णानन्द राय, दिनांक – 12.06.11 से अद्यतन।

(ii) पंचायत सचिव

(क) श्री उमेश प्रसाद यादव, दिनांक – 01.04.2010 से 23.06.11 तक

(ख) श्री वेद प्रकाश सिंह, दिनांक – 24.06.11 से अद्यतन।

9. ग्राम पंचायत – शंकरपुर

(i) मुखिया

(क) श्री जगदीश मंडल, दिनांक – 01.04.2010 से अद्यतन।

(ii) पंचायत सचिव

(क) श्री वेद प्रकाश सिंह , दिनांक – 01.04.2010 से अद्यतन।

10. ग्राम पंचायत – रामपुर

(i) मुखिया

(क) श्रीमती निर्मला देवी, दिनांक – 01.04.2010 से अद्यतन।

(ii) पंचायत सचिव

(क) श्री गणेश मंडल, दिनांक – 01.04.2010 से 2.10.11 तक

(ख) श्री मो0 अब्दुल रसीद अंसारी, दिनांक – 03.10.11 से अद्यतन।

11. ग्राम पंचायत – नुरपुर

(i) मुखिया

(क) श्रीमती सरिता देवी, दिनांक – 01.04.2010 से 15.06.11 तक

(ख) श्रीमती आशा देवी, दिनांक – 16.06.11 से अद्यतन।

(ii) पंचायत सचिव

(क) श्री जय प्रकाश नारायण, दिनांक – 01.04.2010 से 31.03.12 तक

12. ग्राम पंचायत – भतौड़िया

(i) मुखिया

(क) श्रीमती आशा देवी, दिनांक – 01.04.2010 से 14.06.11 तक

(ख) श्रीमती महावती देवी, दिनांक – 15.06.11 से अद्यतन।

(ii) पंचायत सचिव

(क) श्री तेजनारायण सिंह, दिनांक – 01.04.2010 से 31.03.12 तक

13. ग्राम पंचायत – विसनरामपुर

(i) मुखिया

(क) श्री खुबलाल यादव, दिनांक – 01.04.2010 से 17.06.11 तक

(ख) श्री मो0 अफसर इमाम, दिनांक – 18.06.11 से अद्यतन।

(ii) पंचायत सचिव

(क) श्री योगेन्द्र प्रसाद शर्मा, दिनांक – 01.04.2010 से 31.03.12 तक

14. ग्राम पंचायत – कजरैली

(i) मुखिया

(क) श्री मो0 सकील, दिनांक – 01.04.2010 से 17.06.11 तक

(ख) श्री विनोद मंडल, दिनांक – 18.06.11 से अद्यतन।

(ii) पंचायत सचिव

(क) श्री अनुपलाल यादव, दिनांक – 01.04.2010 से 31.03.12 तक

परिशिष्ट "ख"

कंडिका "1 ट" से संबंधित

ग्राम पंचायतों से संबंधित प्रस्तुत एवं अप्रस्तुत अभिलेखों की सूची :–

1. ग्राम पंचायत – गौराचौकी

प्रस्तुत अभिलेख

(i) छात्रवृत्ति से संबंधित रोकड़ पंजी

(ii) छात्रवृत्ति वितरण अभिश्रव वर्ष 2011–12

(iii) बैंक पासबुक (बि0क्षे0ग्रा0बैंक, गौराचौकी, खाता सं० 4446)

अप्रस्तुत अभिलेख – × ×

2. ग्राम पंचायत – गोसाई दास पुर

प्रस्तुत अभिलेख

(i) छात्रवृत्ति रोकड़ पंजी

(ii) छात्रवृत्ति वितरण अभिश्रव वर्ष 2011–12

(iii) बैंक पासबुक ( बैंक ऑफ इंडिया, नाथनगर, खाता सं० 6500)

अप्रस्तुत अभिलेख – × ×

3. ग्राम पंचायत – राधोपुर

प्रस्तुत अभिलेख

(i) छात्रवृत्ति रोकड़ पंजी

(ii) छात्रवृत्ति वितरण अभिश्रव वर्ष 2011–12

(iii) बैंक पासबुक ( बि0 क्षे0 ग्रा0 बैंक, नाथनगर, खाता सं० 3361)

अप्रस्तुत अभिलेख – × ×

4. ग्राम पंचायत – भुवालपुर

प्रस्तुत अभिलेख

(i) छात्रवृत्ति रोकड़ पंजी

(ii) छात्रवृत्ति वितरण अभिश्रव वर्ष 2011–12

(iii) बैंक पासबुक ( बि0 क्षे0 ग्रा0 बैंक, नाथनगर, खाता सं० 3746)

अप्रस्तुत अभिलेख – × ×

5. ग्राम पंचायत – रतीपुर बैरिया

प्रस्तुत अभिलेख

(i) छात्रवृत्ति रोकड़ पंजी

(ii) छात्रवृत्ति वितरण अभिश्रव वर्ष 2011–12

(iii) बैंक पासबुक ( बि0 क्षे0 ग्रा0 बैंक, नाथनगर, खाता सं० 3401 एवं 3668)

अप्रस्तुत अभिलेख – × ×

6. ग्राम पंचायत – बेलखोरिया

प्रस्तुत अभिलेख

(i) छात्रवृत्ति रोकड़ पंजी

(ii) छात्रवृत्ति वितरण अभिश्रव वर्ष 2011–12

(iii) बैंक पासबुक ( बि0 क्षे0 ग्रा0 बैंक, नाथनगर, खाता सं० 5102 एवं 5442)

अप्रस्तुत अभिलेख – × ×

7. ग्राम पंचायत – निस्फअम्बे

प्रस्तुत अभिलेख

(i) छात्रवृत्ति रोकड़ पंजी

(ii) छात्रवृत्ति वितरण अभिश्रव वर्ष 2011–12

(iii) बैंक पासबुक ( बैंक ऑफ इंडिया, नाथनगर, खाता सं० 9536)

अप्रस्तुत अभिलेख –

(i) छात्रवृत्ति वितरण अभिश्रव (आंशिक) वर्ष 2011–12

8. ग्राम पंचायत – रन्नुचक मकन्दपुर

प्रस्तुत अभिलेख

(i) छात्रवृत्ति रोकड़ पंजी

(ii) छात्रवृत्ति वितरण अभिश्रव वर्ष –2011–12

(iii) बैंक पासबुक ( सेन्ट्रल को–आपरेटिव बैंक, नाथनगर, खाता सं० 79)

अप्रस्तुत अभिलेख – × ×

9. ग्राम पंचायत – शंकरपुर

प्रस्तुत अभिलेख

(i) छात्रवृत्ति रोकड़ पंजी

(ii) छात्रवृत्ति वितरण अभिश्रव वर्ष 2011–12

(iii) बैंक पासबुक ( बि0 क्षे0 ग्रा0 बैंक, नाथनगर, खाता सं० 3402)

अप्रस्तुत अभिलेख – × ×

10. ग्राम पंचायत – रामपुर खुर्द

प्रस्तुत अभिलेख

(i) छात्रवृत्ति रोकड़ पंजी

(ii) छात्रवृत्ति वितरण अभिश्रव वर्ष 2011–12

(iii) बैंक पासबुक ( भागलपुर सेन्ट्रल को–आपरेटिव बैंक, नाथनगर, खाता सं० 65)

अप्रस्तुत अभिलेख – × ×

11. ग्राम पंचायत – नुरपुर

प्रस्तुत अभिलेख × ×

अप्रस्तुत अभिलेख – सभी संधारित अभिलेख

12. ग्राम पंचायत – भतौड़िया

प्रस्तुत अभिलेख × ×

अप्रस्तुत अभिलेख – सभी संधारित अभिलेख

13. ग्राम पंचायत – विसनरामपुर

प्रस्तुत अभिलेख × ×

अप्रस्तुत अभिलेख – सभी संधारित अभिलेख

14. ग्राम पंचायत – कजरैली

प्रस्तुत अभिलेख × ×

अप्रस्तुत अभिलेख – सभी संधारित अभिलेख

## परिशिष्ट "ग"

### कंडिका "3" से संबंधित

### अनुसूचित जाति / जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रवृति योजना से संबंधित आय व्यय विवरणी।

### लेखा वर्ष 2010–11 से 2011–12

| क्र0 सं0 | पंचायत का नाम | वर्ष | प्रारंभण शेष | आय | कुल | व्यय | संवरण शेष | संवरण शेष की विवरणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | गौराचौकी | 2010-11 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | चि0 क्षे0 ग्रा0 बैंक, गौराचौकी के बचत खाता सं० 4446 / 35 में दिनांक – 31.03.12 के जमा राशि रू0 34874.00 में छात्रवृति मद की राशि रू0 26100.00 सम्मिलित। |
| | | 2011-12 | 0.00 | 2,72,220.00 | 2,72,220.00 | 2,46,120.00 | 26,100.00 | |
| 2 | गोसाई दास | 2010-11 | 0.00 | 3,100.00 | 3,100.00 | 3,100.00 | 0.00 | बैंक ऑफ इंडिया, नाथनगर खाता सं० 6500 में दिनांक – 31.03.11 के जमा राशि रू0 94940.00 में छात्रवृति मद को रू0 3100.00 सम्मिलित। |
| | | 2011-12 | 3,100.00 | 1,77,480.00 | 1,80,580.00 | 1,58,940.00 | 21,640.00 | बैंक ऑफ इंडिया, नाथनगर खाता सं० 6500 में दिनांक - 31.03.12 के जमा राशि रू0 118141.00 में छात्रवृति मद को रू0 21640.00 सम्मिलित। |
| 3 | गोसाई दास | 2010-11 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |
| | | 2011-12 | 0.00 | 1,00,200.00 | 1,00,200.00 | 1,00,200.00 | 0.00 | |
| 4 | भुवालपुर | 2010-11 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |
| | | 2011-12 | 0.00 | 1,55,580.00 | 1,55,580.00 | 1,55,580.00 | 0.00 | |
| 5 | रतीपुर वैरिया | 2010-11 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |
| | | 2011-12 | 0.00 | 1,24,020.00 | 1,24,020.00 | 1,18,020.00 | 6,000.00 | बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, नाथनगर खाता सं० 3401 में दिनांक - 31.03.12 के जमा राशि रू0 12283.00 में छात्रवृति मद को रू0 6000.00 सम्मिलित। |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | बेलखोरिया | 2010-11 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |
| | | 2011-12 | 0.00 | 2,05,920.00 | 2,05,920.00 | 1,76,520.00 | 29,400.00 | बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, नाथनगर खाता सं० 5102 में दिनांक – 31.03.12 के जमा राशि रू0 51722.00 में छात्रवृति मद को रू0 सम्मिलित --27800.00 नगद ( वासुदेव दास) 1600.00 = 29400.00। |
| 7 | निसफअम्बे | 2010-11 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |
| | | 2011-12 | 0.00 | 2,52,300.00 | 2,52,300.00 | 2,25,660.00 | 26,640.00 | बैंक ऑफ इंडिया, नाथनगर खाता सं० 9536 में दिनांक – 31.03.12 की जमा राशि रू0 185206.00 में छात्रवृति मद को रू0 26640.00 सम्मिलित । |
| 8 | रन्नुचक मकन्दपुर | 2010-11 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |
| | | 2011-12 | 0.00 | 1,37,280.00 | 1,37,280.00 | 61,800.00 | 75,480.00 | दी भागलपुर सेन्ट्रल को–आपरेटीव बैंक, नाथनगर खाता सं० 79 में दिनांक -- 31.03.12 के जमा राशि रू0 65568.00 में छात्रवृति मद को सम्मिलित रू0 50280.00 नगद + 25200.00 = 75480.00 । |
| 9 | शंकर पुर | 2010-11 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |
| | | 2011-12 | 0.00 | 65,520.00 | 65,520.00 | 31,320.00 | 34,200.00 | बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, नाथनगर खाता सं० 3402 में दिनांक - 31.03.12 की जमा राशि रू0 47541.00 मे छात्रवृति मद को राशि रू0 34200.00 सम्मिलित । |
| 10 | रामपुर खुर्द | 2010-11 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |
| | | 2011-12 | 0.00 | 2,39,640.00 | 2,39,640.00 | 2,17,320.00 | 22,320.00 | दी भागलपुर सेन्ट्रल को आपरेटीव बैंक लि0, नाथनगर खाता सं० 65 मे दिनांक – 31.03.12 की जमा राशि रू0 178160.00 में छात्रवृति मद को रू0 22320.00 सम्मिलित । |